p>

Title: Need to expedite the work railway operation between Jhanjhaaurpur to Laukaha via Vachaspati nagar.

श्री रामप्रीत मंडल (झंझारपुर): माननीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र झंझारपुर के अंतर्गत झंझारपुर से लौकहा वाया वाचस्पति नगर होते हुए रेल परिचालन जनहित में अतिआवश्यक है, जिसका कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। इस रेल परियोजना के जल्दी पूरा होने से यहाँ के निवासियों को रेल यातायात का लाभ मिलेगा और इसके साथ-साथ आर्थिक व सामाजिक विकास में मदद मिलेगी।

लौकहा के नेपाल सीमा के नजदीक होने के कारण दोनों देशों के व्यवसाय में भी मदद मिलेगी तथा गरीबी रेखा में जीवनयापन कर रहे मजदूरों को भी इस परियोजना से रोजगार मिलेगा।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि इस परियोजना को जल्द-से-जल्द पूरा करें ताकि वहाँ के लोग सुविधापूर्वक यात्रा कर सकें।